**प्रेस नोट संख्या- 38**
**दिनांक 28.06.2025**
**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**

**"नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत थाना कमरौली पुलिस द्वारा 55 ग्राम स्मैक के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व **"नशा मुक्त अमेठी अभियान"** के तहत दिनांक 28.06.2025 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जीशन पुत्र मो0 जहीर निवासी कस्बा मोड़ पालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- जीशन पुत्र मो0 जहीर निवासी कस्बा मोड़ पालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष।

**बरामदगी-**

- कुल 55 ग्राम स्मैक।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

**1.** मु0अ0सं0 102/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कमरौली जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री मुकेश कुमार थानाध्यक्ष कमरौली जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 रेहानुल्लाह थाना कमरौली जनपद अमेठी।
3. का0 पवन कुमार थाना कमरौली जनपद अमेठी।